सादुल क्लब ग्राउंड में होगी पैरामोटरिंग

बीकानेर, (कासं)। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ऊंट उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि शनिवार को सुबह 08 से 09 बजे तक सांसोलाव तालाब किनारे योग का कार्यक्रम सुबह 09 बजे से दोपहर ढाई बजे तक राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में ऊंट नृत्य, ऊंट फर कटिंग, ऊंट साज-सज्जा, ऊंट दौड़ और घुड़दौड़ का आयोजन सुबह 11 से शाम 05 बजे तक डॉ करणी सिंह स्टेडियम में 'ऊंटां रो इतिहास-विरासत के साथ' के अंतर्गत राजस्थान राज्य अभिलेखागार की ओर से नकला प्रदर्शनी का आयोजन होगा। शाम 07 से रात 10 बजे तक डॉ करणी सिंह स्टेडियम में बेस्ट ऑफ राजस्थान फोक नाइट कार्यक्रम के तहत लोकल और राजस्थानी कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही बर्ड फेस्टिवल का आयोजन जोड़बीड़ स्थित लव कुश वाटिका और उससे थोड़ा आगे गिद्ध संरक्षण क्षेत्र में सुबह 08 से शाम 5 बजे तक और पैरामोटरिंग का आयोजन सादुल क्लब ग्राउंड में किया जायेगा। संयुक्त निदेशक राठौड़ ने बताया कि 10 जनवरी को सुबह 08 से 9 बजे तक 'करें योग रहें निरोग' कार्यक्रम के तहत सांसोलाव तालाब किनारे फ्लो योगा प्रैक्टिस करवाई जायेगी। सुबह 09 से दोपहर ढाई बजे तक राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) में "ऊंटां री बातां" कार्यक्रम के तहत ऊंट नृत्य, ऊंट फर कटिंग, ऊंट साज-सज्जा,ऊंट दौड़ और घुड़दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

'ग्रामीण अपने बच्चों को पढ़ने के अधिक अवसर उपलब्ध करवाएं'

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने शुक्रवार को जेगला में तीन ट्यूबवैल का उद्घाटन तथा शहीद जगदीश बिश्नोई प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार एवं प्याऊ का लोकार्पण किया।

इस दौरान मेघवाल ने कहा कि

- **मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने धन्ना दरोगा में 54.09 लाख तथा जेगला गोगलियान में 46.3 लाख रूपए की लागत से बने ट्यूबवैल का लोकार्पण किया**

ट्यूबवैल के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी जो कि स्थानीय नागरिकों और पशुओं के लिए लाभदायक साबित होगी। उन्होंने धन्ना दरोगा में 54.09 लाख तथा जेगला गोगलियान में 46.3 लाख रूपए की लागत से बने ट्यूबवैल का लोकार्पण किया। वहीं चारागाह विकास के लिए मुख्यमंत्री जिला नवाचार निधि योजना के तहत 15 लाख रूपए की लागत से बना ट्यूबवैल भी क्षेत्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने अमर शहीद सूबेदार सांवरमल खींचड़ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के प्रति हमें कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने शहीद जगदीश बिश्नोई प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार और प्याऊ का लोकार्पण किया। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत लगभग दस लाख रूपए की लागत से यह कार्य करवाए गए हैं।

मेघवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने के अधिकतम अवसर उपलब्ध करवाएं। सरकार द्वारा व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। इस दौरान पूर्व प्रधान कन्हैयालाल, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, एडवोकेट अशोक प्रजापत, हनुमान पूनिया, सुमित्रा पूनिया, नरेन्द्र चौहान, महेन्द्र सिंह रोड़ा, गोपी पूनिया, रामेश्वर स्वरूपसर, राम लाल सहारण, पाबूराम देहडू, सहीराम ज्याणी, भगवानाराम पूनिया, जीतूराम पूनिया, हेतराम सीगड़ और महावीर चारण आदि मौजूद थे।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जेगला में तीन ट्यूबवैल का उद्घाटन तथा शहीद जगदीश बिश्नोई प्राथमिक विद्यालय के मुख्य द्वार एवं प्याऊ का लोकार्पण किया।

घने कोहरे में बस-कार की भिड़ंत

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़-बीकानेर नेशनल हाईवे संख्या 62 पर घने कोहरे के चलते स्लीपर बस और कार की आमने-सामने की भिड़ंत हुई थी। स्लीपर बस पाली, जोधपुर से सूरतगढ़ आ रही थी। जबकि कार बीकानेर की ओर जा रही थी। इस मामले में घटना के चार दिन बाद सिटी पुलिस थाना में बस ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रकरण की जांच का जिम्मा हैड कांस्टेबल महावीर सिंह को सौंपा गया है। हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र के डिंगवाला निवासी जोगेंद्र सिंह पुत्र नानक सिंह चौहान ने इस संबंध में परिवाद दिया है। परिवाद में जोगेंद्र सिंह ने बताया कि 6 दिसम्बर को सुबह करीब 7:30 बजे बीकानेर हाईवे पर राजपुरा पीपेरण गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास जैन स्लीपर बस के ड्राइवर ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाया। इससे बस ने उनकी कार में टक्कर मार दी।

इस हादसे में जोगेंद्र सिंह और उनके साथ कार में सवार सूरतगढ़ निवासी विजय सिंह पुत्र बनवारी सिंह घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल विजय सिंह को सूरतगढ़ के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रेफर किया गया था। बस ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सार-समाचार

स्कूली बच्चे बनेंगे पर्यावरण के सजग प्रहरी

श्रीडूंगरगढ़, (कासं)। आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित श्रीडूंगरगढ़ के बाडेला गांव में स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। वन विभाग की टीम ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाडेला में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर औषधीय पौधों की नर्सरी की स्थापना का कार्य शुरू किया। आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने वाली इस योजना में बीकानेर जिले की चुनिंदा 5 ग्राम पंचायतों में बाडेला को भी शामिल किया गया है। सहायक वन संरक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्कूल परिसर में नर्सरी स्थापित की जा रही है। इस नर्सरी की सबसे बड़ी विशेषता स्कूली बच्चों की सक्रिय भागीदारी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों में पर्यावरण और आयुर्वेद के प्रति संस्कार विकसित करना है। इस नर्सरी में लगभग 6000 औषधीय पौधे तैयार किए जायेंगे, जिन्हें 'हर घर आयुर्वेद' संकल्पना के तहत गांव के प्रत्येक परिवार को 10-10 पौधों के रूप में वितरित किया जायेगा। कार्यक्रम में सहायक वन संरक्षक सत्यपाल सिंह के साथ सहायक वनपाल हेमराज, वनरक्षक सुभाष व द्रौपती आदि मौजूद थे। योजना की नोडल एजेंसी आयुर्वेद विभाग (स्वास्थ्य, शिक्षा,पीडब्लयूडी, वन विभाग आदि के सहयोग से)काम करेंगी। पुरस्कार राशि में 18 निर्धारित सूचकांकों को पूरा करने वाली पंचायत को 11 लाख रूपए का पुरस्कार दिया जायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य गांवों को स्वस्थ और प्राकृतिक जीवनशैली से जोड़ना है। वन विभाग स्कूल परिसर में एक सुंदर औषधीय वाटिका भी विकसित करेगा। यह वाटिका ग्रामीणों के लिए जड़ी-बूटियों का स्रोत तो बनेगी ही, साथ ही विद्यार्थियों के लिए एक प्राकृतिक प्रयोगशाला और ज्ञान केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगी। प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा ने वन विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना गांव के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विद्यार्थी नकेवल पौधरोपण में भाग लेंगे, बल्कि इन पौधोंके औषधीय गुणों को भी सीखेंगे।

10.97 ग्राम एम.डी.सहित गिरफतार

नोखा, (कासं)। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को घातक मादक पदार्थ एमडी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10.97 ग्राम अवैध एमडी और 2,800 रूपए नकद बरामद किए हैं, जिसे बिक्री की राशि बताया जा रहा है। थाना अधिकारी अरविन्द कुमार भारद्वाज ने बताया- मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली थी कि राठी खेड़ी नोखा निवासी झंवरलाल ब्राह्मण अवैध रूप से एमडी की खरीद-फरोख्त करता है। सूचना के आधार पर गठित टीम ने आरोपी के घर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 10.97 ग्राम एमडी बरामद की गई। मौके से 2,800 रूपए नकद भी जब्त किए गए। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर कुशलाराम, कांस्टेबल रामेश्वर लाल, तेजाराम, बाबूलाल, महिला कांस्टेबल निर्मला तथा जेठू सिंह शामिल थे।

पेयजल डिग्गी की सफाई शुरू

बज्जू, (कासं)। बज्जू मुख्यालय पर पेयजल आपूर्ति के लिए आरडी 931 स्थित पंप हाउस और फिल्टर प्लांट की मुख्य डिग्गी से गाद निकालने का कार्य शुरू हो गया है। यह डिग्गी 300 लाख लीटर पेयजल भंडारण क्षमता वाली प्रमुख आपूर्ति श्रृंखला है।इस डिग्गी का दो-तिहाई हिस्सा गाद से भर गया था, जिसके कारण इसकी भंडारण क्षमता और फिल्टर प्लांट दोनों प्रभावित हो रहे थे। इससे पेयजल आपूर्ति में बाधा आ रही थी। जलप्रदाय विभाग बज्जू के सहायक अभियंता पुलकित शर्मा ने बताया कि इसकी सफाई की मांग लम्बे समय से की जा रही थी। अब टेंडर स्वीकृत होने के बाद ठेकेदार फर्म ने सफाई कार्य शुरू कर दिया है। शर्मा ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में डिग्गी में पेयजल का भंडारण सुचारू रूप से शुरू हो जायेगा। गर्मी के मौसम से पहले पूरी भंडारण क्षमता प्राप्त हो जायेगी।

खेजड़ी पेड़ काटने की मौका रिपोर्ट में सोलर कंपनियों के नाम ही दर्ज नहीं

बीकानेर, (कासं)। कालासर गांव में सोलर प्लांट लगाने के लिए खेजड़ी के 386 पेड़ काटने की मौका रिपोर्ट में सोलर कंपनियों के नाम ही दर्ज नहीं किए गए हैं। केवल खसरा नंबर देकर इतिश्री कर ली गई। तहसीलदार को रिपोर्ट भी पेश कर दी गई है।

- **कालासर गांव में सोलर प्लांट लगाने के लिए खेजड़ी के 386 पेड़ काटने की मौका रिपोर्ट पटवारी ने तहसीलदार को सौंपी**
- **मौका रिपोर्ट में सोलर कंपनियों के नाम ही दर्ज नहीं किए गए हैं। केवल खसरा नंबर देकर इतिश्री कर ली गई**

कालासर में भारत सरकार के उपक्रम नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी) ने चार हजार मेगावाट के सोलर प्लांट लगाने के लिए 18 हजार एकड़ जमीन में कुछ खरीदी है और कुछ लीज पर ली है। इस जमीन पर दस ब्लॉक में काम चल रहा है। चार सोलर कंपनियों को प्लांट लगाने के कांट्रेक्ट दे रखे हैं। छह जनवरी की रात करीब तीन सौ बीघा जमीन पर खेजड़ी के 386 पेड़ों पर आरी चल गई। सात जनवरी को पर्यावरण प्रेमियों के अलावा पटवारी, पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सभी ने अपनी-अपनी रिपोर्ट बनाई है। इन रिपोर्ट् में सोलर कंपनियों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं।

माना जा रहा है कि सोलर कंपनियों के नाम बाहर ना आ पाए, इसलिए खेजड़ी प्रकरण में उनके नाम छिपाए जा रहे हैं। पूर्व में नापासर के रामसर क्षेत्र में भी दो बार ऐसा हो चुका है। पटवारी की रिपोर्ट में सोलर कंपनियों के नाम दर्ज नहीं किए गए थे। जबकि पूर्व में बनी मौका रिपोर्ट्स में खेत मालिक सहित सोलर कंपनियों के नाम भी होते थे। बताया जा रहा है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव में कंपनियों को खेजड़ी की कटाई के दस्तावेजों से बाहर रखा जा रहा है।

कालासर में भारत सरकार के उपक्रम एनटीपीसी के पहले चरण में 1150 मेगावाट के चार प्लांट लगाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए पाइलिंग का काम तेजी से चल रहा है। पाइलिंग के लिए ही खेजड़ी के पेड़ों का सफाया किया जा रहा है। ताकि सोलर प्लांटों को सूरज की पूरी रोशनी मिले। कालासर में एनटीपीसी कुल चार हजार मेगावाट के प्लांट लगायेगा। इसके लिए करीब 18 हजार एकड़ जमीन ली गई है। कंपनी के लिए जमीन के डवलपमेंट का काम दत्ता पावर को सौंपा हुआ है। प्लांट लगाकर देने के लिए चार बड़ी सोलर कंपनियों से इंजीनियरिंग प्रिक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन यानी ईपीसी की हुई है।

इनमें एलएनटी और सोलर वर्ल्ड को 325-325 मेगावाट और रेज पावर व स्टर्लिंग को 250-250 मेगावाट के सोलर प्लांट लगाने का कांट्रेक्ट दिया हुआ है।

रिडमलसर में कबीर वाटिका का काम शुरू

बीकानेर, (कासं)। सागर रोड पर रिडमलसर पुरोहितान के 85 एकड़ एरिया में आमजन के लिए कबीर वाटिका का काम शुरू हो गया है जो नवम्बर, 2027 तक बनकर तैयार हो जायेगी। बीडीए की ओर से 52 करोड़ रुपए खर्च कर तैयार की जा रही कबीर वाटिका लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में आता है जो शहर से सटा हुआ है।

- **रिडमलसर पुरोहितान के 85 एकड़ एरिया में आमजन के लिए 52 करोड़ की लागत से बनेगी कबीर वाटिका**

रिडमलसर पुरोहितान के जोहड़ पायतान में भूमाफियाओं ने पिलर गाड़कर कब्जे कर लिए थे। जिसे प्रशासन ने पिछले साल मुक्त कराया और वहां आमजन के लिए कबीर वाटिका विकसित करने की प्लानिंग की। राज्य सरकार ने वर्ष 25-26 के बजट में इसकी घोषणा कर दी थी। बीडीए की ओर से कबीर वाटिका के लिए करीब 52 करोड़ रूपए का टेंडर किया गया जो नवम्बर 2025 में जयपुर की निवाणिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम खुला है।

बीकानेर की जनता को सार्वजनिक स्थल के रूप में यह पहली बड़ी सौगात होगी। दीवार बनाने का काम शुरू कर दिया है। जल निकाय, हर्बल गार्डन, फूलों के बगीचों के नजदीक पक्षी अवलोकन क्षेत्रों को शामिल किया जायेगा। पूरे परिसर में छाया के लिए पौधरोपण किया जायेगा। पूरे पार्क में पक्का ट्रैक और जॉगिंग के लिए कच्चे ट्रैक का निर्माण किया जायेगा।

पर्यावरण से किसी भी तरह का समझौता किए बिना स्थानीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन को ध्यान में रखते हुए पार्क डिजाइन किया जायेगा। फूड जोन, कैफे, सिटी बाजार, एम्पीथियेटर निर्माण के साथ ही बच्चों के आकर्षण के लिए किड्स जोन, ओपन जिम व सीनियर सिटीजन के लिए अलग जोन होगा। बॉटनिकल गार्डन, शर्बस गार्डन, ग्राउंड कवर, सीजनल फ्लावर्स पार्क में होंगे।

राजीव गांधी मार्ग से निगम ने कब्जे हटाए

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम ने राजीव गांधी मार्ग से अतिक्रमण हटाए हुए परकोटे की दीवार के पास अस्थायी रूप से रखे गए करीब 50 खोखे जब्त कर लिए। निगम का अतिक्रमण रोधी दल सुबह मौके पर पहुंचा। जेसीबी की मदद से खोखों को उठा लिया गया।

- **परकोटे की दीवार के पास अस्थायी रूप से रखे गए करीब 50 खोखे जब्त**

दरअसल नगर निगम आयुक्त को शिकायत मिली थी कि राजीव गांधी मार्ग पर फास्ट फूड वालों ने कब्जे करके अपने खाली खोखे रख दिए हैं। वहां खोखे किराए पर देने का काम भी चल रहा था। शाम को यह मार्ग चौपाटी जैसा बन जाता था। डोसा, सांबर, चाऊमीन, आलू टिक्की, गोलगप्पे आदि खाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे। कमाई अच्छी होने के कारण लोगों की भीड़ बढ़ रही थी।

इससे अवागमन तो बाधित हो रही रहा था। साथ ही आपराधिक गतिविधियां भी बढ़ रही थी। निगम के अतिक्रमण रोधी दस्ते के प्रभारी प्रदीप चारण ने बताया कि गुरूवार को सभी खोखे जब्त कर लिए गए हैं। दल में स्वच्छता निरीक्षक नेम मोहम्मद, होमगार्ड के प्लाटून कमांडर राधाकिशन सहित काफी संख्या में सुरक्षाकर्मी मौजूद थे। बीडीए और नगर निगम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पिछले दिनों मेडिकल कॉलेज से लेकर नागणेची मंदिर तक अतिक्रमण हटाए थे।

कोलायत में सीएमएचओ को घेरा, बाहरी दवा लिखने का आरोप

बीकानेर,(कासं)। इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्दी, जुकाम, बुखार के रोगी भी बढ़ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मरीजों की भीड़ रहने लगी है, लेकिन डॉक्टरों के नदारद रहने से मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है।

ऐसी सूचनाएं मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. पुखराज साध ने बीछवाल, कोलायत, दियातरा और हदां अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर सेवाओं की जमीनी हकीकत जानी। कोलायत अस्पताल में ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ महेन्द्र सिंह शेखावत छुट्टी पर थे। ग्रामीणों ने चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाईयां भी लिखने की शिकायत की।

- **दियातरा अस्पताल प्रभारी डॉ पुष्करणा मुख्यालय पर नहीं मिले। वहीं लेखाकार ललित ओझा 7 दिन से अनुपस्थित पाए गए। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दियातरा में अस्पताल प्रभारी डॉ मनीष पुष्करणा मुख्यालय पर नहीं मिले। वहीं लेखाकार ललित ओझा 7 दिन से अनुपस्थित पाए गए। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

वहीं एएनएम गायत्री शर्मा बिना यूनिफार्म बिना आईडी कार्ड के टीकाकरण करती पाई गई। सीएमएचओ डॉ साध ने एएनएम के वर्दी भत्ते को रोकने तथा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हदां में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई और ठेकेदार पर पेनल्टी लगाते हुए कार्रवाई तथा सफाई व्यवस्था सुधार के निर्देश प्रभारी डॉ भरत ओझा को दिए। दल द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बीछवाल पर प्रिस्क्रिप्शन की जांच की गई।

उन्होंने फार्मासिस्ट को निर्देश दिए कि प्रिस्क्रिप्शन का संधारण तय नियमानुसार हो, सभी प्रिस्क्रिप्शन स्पष्ट लिखित तथा मोहर बद्ध रहे, इसके लिए व्यवस्था की जाए।

स्वयंसेवकों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं अन्य मुद्राओं में योगाभ्यास करवाया

बीकानेर, (कासं)। रामपुरिया जैन विधि महाविद्यालय की रासेयो की दोनों इकाईयों के द्वारा पांचवे दिवस की शुरूआत में प्रथम सत्र में योगाभ्यास किया गया। जिसमें योग गुरू दीपक चांवरिया के द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास स्वयंसेवकों को करवाया गया।

चांवरिया ने भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम-विलोम एवं अन्य विभिन्न मुद्राओं के द्वारा स्वयंसेवकों को योगाभ्यास करवाया। इसके बाद॰ रासेयो इकाईयों के द्वारा रासेयो प्रभारी डॉ. रीतेश व्यास और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बालमुकुन्द व्यास के नेतृत्व में गोद लिए गांव घडसीसर के राजकीय उ. मा. विद्यालय में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं, गांव की महिलाओं और पुरूषों की स्वास्थ्य जांच करवाई गई।

घडसीसर के राजकीय उ. मा. विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करते चिकित्सक।

साथ ही स्वयंसेवकों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। जिसमें लगभग 100 से अधिक व्यक्तियों की ब्लड शुगर तथा बीपी की जांच कर हाथों हाथ रिपोर्ट भी दी गई। जिसमें महाविद्यालय के व्याख्याता डॉ. शराफत अली, डॉ. पीयूष किराडू, सुनीता लूणिया, अंजुमन उस्ता, राजश्री सुथार, चेतना ओझा, मोहिता सिंह तथा राकेश रंगा और रासेयो के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाकर जांच में सहयोग किया।

द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने मार्शल आर्ट एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षक प्रीतम सैन, प्रियदर्शिनी शेखावत एवं अंकिता मारू के निर्देशन में आत्मरक्षा के विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से मार्शल आर्ट तथा आत्मरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सैन ने स्वयंसेवकों को बताया कि स्वास्थ्य व्यक्ति के जीवन की प्रथम पूंजी है तथा प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम आधा घंटा अपने स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए देना ही चाहिए।

सैन ने कहा कि स्वयंसेवक होने के नाते प्रत्येक विद्यार्थी को आत्मरक्षा हेतु भी विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से अपना तथा अपने आस- पास के जरूरतमंद व्यक्तियों का सहयोग करना चाहिए।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** 29-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Provision of additional high level full length passenger PF & FOB (6m wide) at Mandi Adampur station of Bikaner Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,52,60,046.17/- **ईएमडी/एसडी:** ₹ 2,26,300/- **(1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** https://www.ireps.gov.in **(2) ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 02.02.2026 को 15.00 बजे तक। **(3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 02.02.2026 को 15.00 बजे के बाद।

28-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** 30-TRD-BKN-ETender-2025-26 **कार्य का नाम:** TRD modification work in c/w Provision of shunting neck for Ballast Depot at Sadalpur Station of Bikaner Division. **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹44,38,417.63/- **ईएमडी/एसडी:** ₹ 88,800/- **(1) सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** https://www.ireps.gov.in **(2) ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 02.02.2026 को 15.00 बजे तक। **(3) ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 02.02.2026 को 15.00 बजे के बाद।

27-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in **2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय:** 03.02.2026 को 15:00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय:** 03.02.2026 को 15:00 बजे के बाद **Tender Notice No.:** 28 TRD-BKN-ETENDER-25-26, **Name of work:** Provision of IP based CCTV System for remote surveillance of TRD installation (SP, SSP, TSS, Depots) over Bikaner Division, **Approx Cost of the work:** 3,64,05,480.21, EMD/SD (Rupees): 3,32,000.00. **No.:** 28 TRD-BKN-ETENDER-25-26, Date: 07.01.2026

51-PM/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की और से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या: एस.एण्ड.टी/बी.के.एन-25-26-23R. कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मण्डल के अनुलग्नक के अनुसार स्टेशनों पर लगे हुए (आई.पी.एस.) इंटिग्रेटेड पावर सप्लाई Infinity Projects (Sukhila make) Make से संबधित मोडयूल/कम्पोनेंट प्रणाली परीक्षण, मरम्मत व छोटे बदलाव के लिये 02 वर्ष के लिए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध। **अनुमानित लागत मूल्य रु.:** ₹ 36,37,350.00. **Bid Security:** ₹ 72,800.00. **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** 30.01.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है: www.ireps.gov.in**

61-PM/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना सं.: 01-2026-GSU-BKN

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 29.01.2026 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या: 01-2026-GSU-BKN. कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर डिवीजन के 38 रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेल्टर की व्यवस्था। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 32,72,36,718.72. **बिड सिक्यूरिटी राशि (रुपये):** ₹ 17,86,200.00. **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** बोली शुरू होने की तारीख 15/01/2026 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 29/01/2026 को 15:00 बजे तक। **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। E-Office File No.: NWR-BKNOENGG (WRKF)/131/2025 (Computer No. 250797) Dated: 08.01.2026.

57-PM/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/5098 दिनांक : 09.01.2026

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 57 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती सुखविन्द्र कौर पत्नी श्री हरदेव सिंह निवासी 66 सेतिया कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुखविन्द्र कौर पत्नी श्री हरदेव सिंह निवासी 66 सेतिया कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 57 के किला नं. 7 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियमन/2026/5095 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 9/1/2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 31 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री डॉ. सुमित गोयल पुत्र श्री डॉ. सुरेश गोयल निवासी 2/14 शंकर कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री डॉ. सुमित गोयल पुत्र श्री डॉ. सुरेश गोयल निवासी 2/14 शंकर कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 31 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विव